संख्या– 751 / XLI-A / 2023 / 92 / 2022

प्रेषक,

रविनाथ रामन,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीरमाधो सिंह भण्डारी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
देहरादून।

तकनीकी शिक्षा विभाग देहरादून दिनांक 15 जून, 2023

विषयः–साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राजपुर रोड, देहरादून में नवीन बी0फार्म0 पाठ्यकम (60 सीट) संचालित किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–665 / NOC / 2023–24 दिनांक 22.05.2023 के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी, राजपुर रोड, देहरादून में नवीन बी0फार्म0 पाठ्यकम (60 सीट) संचालित के लिए शैक्षिक सत्र 2023–24 हेतु राज्य सरकार की अनापत्ति निम्नलिखित शर्तो की तहत प्रदान की जाती हैः–

(1) संस्थान द्वारा पाठ्यकम के संचालन से पूर्व शैक्षिक व अशैक्षिक, स्टाफ, प्रयोगशाला एवं भूमि–भवन से सम्बन्धित मानकों को पी0सी0आई0 / ए0आई0सी0टी0ई के मानक के अनुसार समस्त औपचारिकतायें पूर्ण किया गया हो।

(2) संस्थान द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र के प्राधिकरण के माध्यम से मानचित्र आदि की कार्यवाही पूर्ण कर लिया गया हो।

(3) संस्थान द्वारा सम्बन्धित पाठ्यकम को प्रारम्भ किये जाने से पूर्व दिव्यांग जनों हेतु मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये गाईड लाईन / दिशा–निर्देशों का अनुपालन पूर्ण कर लिया गया हो।

(4) संस्थान द्वारा अग्नि शमन की कार्यवाही से सम्बन्धित मानकों का पूर्णरुप व्यवस्था की गयी हों।

(5) यदि भविष्य में संस्थान के सम्बन्ध में पी0सी0आई0 / ए0आई0सी0टी0ई0 के मानक पूर्ण न होने एवं अन्य कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में आता है, तो उक्त अनापत्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त मानी जायेगी।

(6) विश्वविद्यालय द्वारा समस्त मानकों को पूर्ण करने के उपरान्त ही नियमानुसर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय,

(रविनाथ रामन)
सचिव।

संख्या एवं दिनांकः तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव, मा0 तकनीकी शिक्षा मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
(2) सचिव, साई विकास समिति, ई–ब्लॉक, मिडो प्लाजा, 26 राजपुर रोड, देहरादून।
(3) जिलाधिकारी, देहरादून को नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
(4) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिनेश कुमार पुनेठा)
अनु सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् रुड़की (हरिद्वार)

पता: सुनेहरा रोड (निकट–के. एल. पालीटेक्निक छात्रावास), काशीपुरी –247667

Website:www.ubter.in E-mail-js.ubte15@gmail.com

सेवा में,

SECRETARY,
SAI COLLEGE OF PHARMACY,
DEHRADUN

पत्र संख्या : 1657 /उ0प्रा0शि0प0/अ0प0प0/2023–24 दिनांक : 27.06.23

विषयः– सत्र 2023–24 में फार्मेसी पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या : शून्य दिनांक : 28 अप्रैल 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से Pharmacy Council of India, New Delhi के पत्र संख्या : 14-56/2023(Approval process for 2023-2024 a.s. (New institutions)/5 दिनांक : 01 अप्रैल 2023 के क्रम में सत्र 2023–24 में फार्मेसी पाठ्यक्रम चलाए जाने हेतु प्रस्ताव परिषद् कार्यालय में जमा कर सत्र 2023–24 में फार्मेसी पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गयी है।

उपरोक्त के क्रम में अध्यक्ष महोदय, परिषद् से अनुमोदन उपरान्त मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि आपके संस्थान को सशर्त(Conditional) अनापत्ति इस आशय से प्रदान की जाती है कि नियामक संस्था (Regulatory Body) के निरीक्षण के उपरान्त संस्थान में सभी व्यवस्थाएं Pharmacy Council of India, New Delhi के मानकों के अनुरूप सही पाए जाने पर एवं Pharmacy Council of India, New Delhi से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त ही सत्र 2023–24 के लिए संस्थान को कोर्स के संचालन/प्रवेश हेतु अनापत्ति/सम्बद्धता प्रदान करने पर विचार किया जायेगा।

भवदीय

27.6.23

(डा0 राजेश उपाध्याय)
सचिव।

पृ0सं0 : /उ0प्रा0शि0प0/अ0प0प0/2023–24 दिनांक :

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, सचिव, तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परिषद् को कृपया महोदय के अवगतार्थ प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित।
2. The Registrar – cum- Secretary, Pharmacy of Council of India, Combined Councils Building, Temple Lane, Kotla Road, Aiwan-E-Ghalib Marg, Post Box No-7020, New Delhi-110002
3. गार्ड फाईल।

(डा0 राजेश उपाध्याय)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner